Subham Sandesh, Jamshedur,(JKD)

रैफ ने मेरी लाइफ कार्यक्रम में बांटे बर्तन, किताबें और कपड़े

संवाददाता । जमशेदपुर

सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) की 106वीं बटालियन ने अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस को सफल बनाने के लिए "मेरी लाइफ" कार्यक्रम का आयोजन किया. इसके तहत पांच दिवसीय "डोनेशन ड्राइव" का आयोजन किया गया. रैफ की 106वीं बटालियन के जवानों और उनके परिवार के सदस्यों "डोनेशन ड्राइव" में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

इस अभियान के दौरान आसपास के समुदायों से पुरानी किताबें, बर्तन और कपड़े एकत्र किए गए. इसके बाद इन किताबों, बर्तन और कपड़े जरूरतमंद लोगों में वितरित किया गया. स्थानीय समुदायों ने भी इस ड्राइव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुरानी किताबें, बर्तन और कपड़े दान किए.

इस पहल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई और सतत उपयोग को प्रोत्साहित किया. 106 रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडिंग ऑफिसर डॉ निशीत कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल पर्यावरण की सुरक्षा करना है, बल्कि सामुदायिक कल्याण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाना है. छोटे-छोटे कदम मिलकर बड़े परिवर्तन लाते हैं.

पर्यावरण दिवस को सफल बनाने के लिए रैफ ने किया कार्यक्रम का आयोजन.

Danik Jagran, Jamshedpur (JKD)

पर्यावरण संरक्षण को बनाया यादगार

- 'मेरी लाइफ' अभियान के तहत 5 दिनों तक चला डोनेशन ड्राइव
- रैफ सुंदरनगर की ओर से पुरानी किताबें व कपड़े एकत्रित किए गए

जासं, जमशेदपुर : पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित करते हुए सुंदरनगर स्थित 106 रैफ ने अपने 'मेरी लाइफ' कार्यक्रम के तहत एक अनोखा डोनेशन ड्राइव शुरू किया। यह ड्राइव पिछले पांच दिनों से चल रहा था।

इस अभियान के दौरान वाहिनी के सदस्यों ने अपने आस-पास के समुदायों से पुरानी किताबें, बर्तन और कपड़े एकत्र किए। ये सभी सामान जरूरतमंद लोगों में वितरित किए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, बल्कि जरूरतमंदों की मदद करके सामुदायिक कल्याण में भी योगदान देना था। 106 रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडिंग आफिसर ने इस पहल को सराहा और कहा, हमारा उद्देश्य न केवल पर्यावरण की सुरक्षा करना है, बल्कि सामुदायिक कल्याण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाना है। छोटे-छोटे कदम मिलकर बड़े परिवर्तन लाते हैं, और इसी सोच के साथ हम सभी को इस मुहिम में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करते हैं। इस प्रयास से जरूरतमंदों को मदद मिलती है।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती महिलाएं • जागरण

Har Bat samachaar, Paryagraj, (UP)

मनायी गयी भगवान बुद्ध की जयती एवं बुद्ध पूर्णिमा

हरबात संवाददाता

फाफामऊ। मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ. के दिशा निर्देशन में वाहिनी चिकित्सालय के सम्मुख स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा का माल्यार्पण विनोद कुमार, उप कमाण्डेन्ट द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बौद्ध भिक्षु भंते द्वारा भगवान बुद्ध की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बुद्ध ने 'अहिंसा परमोधर्मा' का संदेश का उपदेश तथा सत्य, अहिंसा एवं एकता का पाठ पढ़ाया और कहाँ कि हमें उनके विचारो कों अपने जीवन में अनुकरण करना चाहिए। इसके उपरांत सभी कार्मिकों एवं उनके परिवार जनों को प्रसाद वितरण किया गया।उक्त अवसर पर डॉ0 अशोक कुमार, (द्वि.क.अधि.), बृजेश कुमार दुबे, (उप कमाण्डेन्ट) टी.एन. सिंह, (उप कमाण्डेन्ट) व अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण जवान एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।